


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 255 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 01 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया

# वाह जनाब...सिर्फ जनता से उम्मीद..!

## ✻ खुद के बच्चे निजी स्कूलों में, लोगों से अपील सरकारी स्कूल में भेजने की
## ✻ संख्या बढ़ाने के लिए जोर... व्यवस्थाओं को कर रहे नजरअंदाज

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** **बीते दस साल का आंकड़ा उठाकर देखे तो सरकारी स्कूलों के नामांकन में भयंकर गिरावट हुई है। नामांकन घटकर आधा हो गया है। वहीं निजी स्कूलों में नामांकन बढ़े हैं। यही कारण है कि सत्ता के जनप्रतिनिधि भी नामांकन बढ़ाने के लिये किए जा रहे प्रयासों में जुट गए है। सांसद, विधायक, नपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि सोशल मीडिया पर अपील कर रहे हैं कि अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजे। लेकिन, मजे की बात यह है कि एक भी जनप्रतिनिधि का बच्चा या पौता सरकारी स्कूल में नहीं पढ़ रहा। मतलब साफ है कि कहीं न कहीं जनप्रतिनिधि भी इस बात को महसूस कर रहे हैं कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर और व्यवस्थाएं बच्चे के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर सकती है।**

### सिर्फ गणवेश और साइकिल कैसे बनाएंगी भविष्य...

जनप्रतिधियों द्वारा छह साल के बच्चों को शासकीय स्कूलों में प्रवेश दिलवाने की अपील की जा रही है। इसके लिए अच्छी व्यवस्थाओं और नई शिक्षा निती का हवाला दिया जा रहा है। गणवेश और साइकिल मुफ्त दिए जाने की बात जनप्रतिनिधि कह रहे है। लेकिन, प्रश्न यह उठता है कि गणवेश और साइकिल बच्चे का भविष्य कैसे बना सकती है? प्राथमिक शासकीय स्कूलों में अनुभवी, योग्य और पचास हजार रुपए से अधिक तनख्वाह वाले शिक्षकों के होने के बाद भी कहीं न कहीं बच्चों को वह नहीं मिल पा रहा जो उन्हें शुरुआती पढ़ाई में मिलना चाहिए।

### रुपया खर्च कर रहे, अपडेट नहीं हो पा रहे...

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकारी स्कूलों में लेपटॉप, साइकिल, स्कूटी, छात्रवृत्ति, गणवेश जैसी कई योजनाएं बच्चों के लिए चलाई गई। लेकिन, सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को लेकर कभी ध्यान नहीं दिया गया। विशेषकर प्राथमिक स्कूलों में। निजी स्कूलों में जहां प्ले, नर्सरी और पांचवीं तक समय और मांग के अनुसार कोर्स बच्चों को पढ़ाए जा रहे हैं। वहीं सरकारी स्कूलों की किताबें अपडेट होने का नाम नहीं ले रही।

### इस वजह से गिर रहा नामांकन...

स्कूलों में प्रवेश लेने के लिए अभिभावक जब फैसला करते हैं तो वह दो बातों का ध्यान रखते हैं। एक तो स्कूल में पढाई, यानी शिक्षकों की व्यवस्था व अध्ययन की गुणवत्ता। दूसरा स्कूल की संरचना यानी, वहां की भौतिक व्यवस्था कैसी है। खेल कौशल से लेकर अतिरिक्त क्या-क्या सिखाया जाता है। वर्तमान में शासकीय स्कूलों की हालत दोनों ही बिंदुओं पर खराब है। न तो स्कूलों में शिक्षकों की पूर्ति है, न ही भौतिक व्यवस्थाएं। जिले में स्कूलों की मरम्मत के लिए ही मिलने वाला बजट भी जाने कहां चला जाता है। ऐसे में अन्य सुविधाएं तो बाद में आती है। वहीं निजी स्कूलों का ढांचा भलेही विस्तृत नहीं होता। लेकिन, उसके अच्छे प्रबंधन के चलते विद्यार्थी निजी स्कूलों में प्रवेश ले लेते हैं। जबकि, शासन सालभर में सरकारी स्कूलों पर करोड़ों रूपये खर्च कर रहा है।




### अपडेट करने के नाम पर करोड़ो रुपए किए बर्बाद...

सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक स्तर का अपडेशन नहीं होने की जानकारी जिम्मेदारों को भी है। शासन से लेकर स्थानीय स्तर पर भी इसके प्रयास हुए। लेकिन करोड़ो रूपए खर्च करने के बाद भी योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पाई। उदाहरण के लिए कुछ समय पहले कुछ स्कूलों को चिन्हित कर उसमें अंग्रेजी माध्यम की शुरुआत करने का दावा किया गया। किताबें पहुंचाने के साथ शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया गया। योजना थी कि सभी स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में किया जाएगा। यह योजना धरातल पर नहीं उतरी। ऑनलाइन क्लास के लिए चिन्हित स्कूलों में कम्प्यूटर, एलईडी पहुंचाई गई, लेकिन उसकी पेकिंग तक नहीं खुली। स्थानीय स्तर पर बात करें तो नपा द्वारा कमला नेहरु स्कूल को अंग्रेजी माध्यम में चलाने के लिए योजना तैयार की गई। यह प्रयास भी सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहा। जो स्कूल चल रहा था, वह भी बंद कर दिया गया।

### आधे रह गए प्रवेश...

पिछले दस साल का आंकड़ा देखे तो सरकारी स्कूलों में प्रवेश आधे रह गए है। जबकि, निजी स्कूलों के प्रवेश के आंकड़ों पर कोई फर्क नहीं पड़ा। दस साल पहले 2015-16 में सरकारी स्कूलों में प्रवेश का आंकडा 9 हजार 547 था। वहीं 2024-25 में यह आंकडा 4577 तक पहुंच गया। वहीं निजी स्कूलों में जहां दस साल पहले यह आंकडा 11 हजार 940 था। वहीं 2024-25 यह आंकडा 10664 था। इसके अलावा पिछले चार साल के आंकडों पर नजर डाले तो सरकार स्कूलो के नामांकन में लगातार गिरावट आई है। वहीं निजी स्कूलों का नामांकन इस दौरान बढ़ा है।

## हत्या का प्रयास करने वाली महिला सहित पांच को आजीवन कारावास



**नीमच, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** आलोक कुमार सक्सेना, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 नीमच द्वारा हत्या के प्रयास के मामले में एक महिला सहित 05 आरोपियो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इनमें माया पिता भैरूलाल बंजारा आयु 28 वर्ष, कमल उर्फ करण पिता भैरूलाल बंजारा आयु 24 वर्ष, सत्तू उर्फ सत्यनारायण पिता भैरूलाल बंजारा आयु 30 वर्ष, भैरूलाल पिता दीपा बंजारा आयु 73 वर्ष व अर्जुन पिता भैरूलाल बंजारा आयु 23 वर्ष सभी निवासी ग्राम मोरवन चादर तहसील जावद शामिल है।

विशेष लोक अभियोजक श्रीमती कीर्ति शर्मा ने बताया कि एक अप्रैल 2020 की रात को कारुलाल के साथ पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों द्वारा लकड़ियों, पत्थर, लात-घूसे व सब्बल से मारपीट की गई। जिस कारण फरियादी को सिर पर, हाथ पर, अंगूठे पर व घुटने गंभीर चोट आई। जावद पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपियो को गिरफ्तार किया गया तथा शेष आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र विशेष न्यायालय नीमच में प्रस्तुत किया गया। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक श्रीमती कीर्ति शर्मा द्वारा की गई।

## सूने मकान में सेंधमारी, बाईक, नकदी और जेवरात ले गए बदमाश

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** बरसात के मौसम में चोर भी सक्रिय हो गए है। एक तरफ जहां बाइक चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही। दूसरी तरफ बदमाश घरों को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। अब रामटेकरी स्थित एक सूने मकान से बदमाश बाईक, नकदी और जेवरात चोरी कर ले गए।



चोरी की यह वारदात रामटेकरी निवासी राकेश जैन के यहां हुई। श्री जैन परिवार के साथ एक दिन पहले नाकोड़ा जी गए थे। सोमवार सुबह वह वापिस मंदसौर पहुंचे। घर पहुंचने पर पता चला कि घर का दरवाजा खुला हुआ था। अंदर के कमरों के दरवाजों के ताले भी टूटे हुए थे। घर का सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। राकेश जैन ने बताया कि चोर घर से एक बाइक एमपी 14 जेडबी 1956 तथा 320 ग्राम चांदी के सिक्के और 35 हजार रुपए नकदी चोरी कर ले गए।

## मासूम से गैंगरेप मामला-सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर री-ट्रायल, फांसी की सजा बदली, अब उम्रकैद का आदेश

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस। वर्ष 2018 में 26 जून को मंदसौर की मासूम बालिका के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की सनसनीखेज घटना में नया मोड़ आ गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पुन: सुनवाई के बाद सत्र न्यायालय ने सोमवार को दोनों दोषियों की फांसी की सजा निरस्त कर मृत्यु पर्यंत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यानी अब दोनों आरोपी जीवनभर जैल में रहेंगे।**




बता दे की 26 जून 2018 को मंदसौर की एक महिला ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली पोती स्कूल से घर नहीं लौटी। पुलिस ने जब तत्काल सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो दो युवक बच्ची को ले जाते हुए दिखाई दिए। अगले दिन लक्ष्मण दरवाजे के पास झाड़ियों में बच्ची गंभीर रूप से घायल हालत में मिली। मामले में पुलिस ने इरफान और आसिफ नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आईपीसी की धाराएं 363, 366 ए, 307, 376डीबी और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। विशेष अदालत ने इस मामले की लगातार सुनवाई कर दो माह के भीतर दोषियों को फांसी की सजा सुनाई, जिसे बाद में मप्र उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ ने भी बरकरार रखा।

दोषियों ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ तकनीकी आधारों पर अर्थात डीएनए रिपोर्ट देने वाले डॉक्टरों के कथन नहीं होने की बात पर री-ट्रायल का आदेश देते हुए मामला पुन: सत्र न्यायालय को भेजा।

अब सत्र न्यायालय ने सुनवाई के बाद दोनों दोषियों की फांसी की सजा को निरस्त कर आजीवन कारावास (मृत्यु पर्यंत) की सजा सुनाई है। यानी दोनों को अब मृत्यु तक जैल में ही रहना होगा।



### शहर हुआ था उद्वेलित, मौन रैली में शामिल हुए थे हजारों लोग...

बता दें कि करीब सात साल पहले हुई इस विभत्स वारदात से समूचा समाज उद्वेलित हो गया था। बगैर किसी के आव्हान के आमजन ने आकर मौन जुलूस निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर आरोपियो को मौत की सजा देने की मांग की थी। इस मौन जुलूस में हजारो लोगो ने भागीदारी की थी।

### मायूस दिखे मंदसौर के वकील...

सोमवार शाम प्रकरण में फैसला आने के बाद जब लोगो ने सुना कि आरोपियो की फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया गया है। तो आमजन के साथ ही कोर्ट परिसर में चर्चारत वकील भी मायूस दिखे। सभी का मानना था कि फांसी की सजा का फैसला यथावत रहेगा। लेकिन, न्यायालय ने अपना फैसला सुना दिया था। इसलिए चर्चा के अलावा कुछ नहीं हो सकता।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में फिसड्डी मंदसौर जिला..!




**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस। बारिश के पानी को सहेजने के अभियान में एक बार फिर मंदसौर जिला फिसड्डी रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले की स्थिति बेहद खराब रही है। जहां खंडवा, बालाघाट और रायसेन जैसे जिलों ने ए ग्रेड हासिल की है। खंडवा ने सबसे ज्यादा 89.02 अंक प्राप्त किए। वहीं मंदसौर जिला आखिरी के टॉप टेन में शामिल है। मंदसौर जिले को इस अभियान में सी ग्रेड मिली है।**

बता दे कि जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च को शुरु हुआ था। लक्ष्य बारिश की बूंदें सहेजने, नई जल संरचनाओं का निर्माण और पुरानी को संरक्षित करना था। इसमें उज्जैन व छिंदवाड़ा समेत 33 जिलों ने बी ग्रेड हासिल किया। मंदसौर समेत 16 जिलों को सी ग्रेड मिला। अभियान 55 जिलों में चलाया गया। लेकिन, रैंकिंग में 52 जिलों ने ही हिस्सा लिया।

### [ पानी की बूंदों को सहजने में नाकाम रहे जिम्मेदार ]

### मंदसौर को महज 47.88 अंक...

अंकों की बात करें तो मंदसौर को इस अभियान में 47.88 अंक मिले हैं। शाजापुर को 42.93, शहडोल को 43.88, रतलाम को 44.13, सागर को 45.94, इंदौर को 47.61, आगर मालवा को 47.80, रीवा को 48.63, टीकमगढ़ को 48.78, जबलपुर को 48.85 अंक मिले हैं।

### इधर बावड़ियों को जीवित करने के दावे..

अंकों और प्रदेश में अभियान के तहत जिले की स्थिति ने धरातल पर हुए कामों की पोल खोलकर रख दी। इधर स्थानीय स्तर पर अभियान के तहत बावड़ियों को जीवित करने सहित अन्य काम किए जाने के दावे प्रशासन द्वारा किए जा रहे हैं। प्रशासन के दावों के अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जिले की प्रमुख एवं प्राचीन और ऐतिहासिक बावड़ियां अपने मूल स्वरूप में दिखने लगी है। विकासखंड की मंदसौर अकाशा की बावडी, सात सहेलियों की बावड़ी, नागदेवता की बावडी। विकासखंड सीतामऊ में औखा बावडी कयामपुर। विकासखंड गरोठ में छाजड़जी की बावड़ी, विकासखंड भानपुरा में गणेश मंदिर वाली बावडी केथुली शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार जिला प्रशासन एवं जन अभियान परिषद के अथक प्रयास से यह बावड़िया अपने मूल स्वरूप में लौटी है। अभियान का ही परिणाम है कि यह संरचना फिर से उपयोग लाने लाइक बन गई है। इधर जिला मुख्यालय की प्राचीन बावड़ियों की बात करें तो एक समय पूरे शहर की प्यास बावड़ियों से बुझती थी। अब स्थिति यह है कि गणपति चौक में जलेश्वर महादेव की बावडी छोड़ दी जाए तो अन्य सभी अपने अस्तित्व के लिए लड़ाई लड़ रही है।

### लंबे समय से जारी लापरवाही का दौर...

मंदसौर जिले में पानी की बूंदों को सहजने के लिए लापरवाही का दौर लंबे समय से जारी है। भवन पर लगाने के लिए रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का नियम तो लागू कर दिया गया, लेकिन जिले में यह सिस्टम कहीं नजर नहीं आता। आम लोगों के निजी और व्यवसायीक भवन में इस सिस्टम के लगे होने की उम्मीद करना तब बेईमानी लगता है जब जिला मुख्यालय के जवाबदार अधिकारियों के दफ्तरों में ही यह सिस्टम नहीं है। भवन निर्माण और बड़ी तथा व्यवसायीक इमारतों में भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य किया गया है। जो बारिश के पानी को सहेजने के लिए जरुरी है। लेकिन, शहर से लेकर पूरे जिले में कही पर भी जल संरक्षण के लिए यह हार्वेस्टिंग नहीं लगा हुआ है। जिले में वर्ष 2016 में ग्राम उदय से भारत उदय अभियान और फिर 2018 में जल शक्ति अभियान के तहत जल संग्रहण पर जोर दिया गया था।

उस समय जिले के 440 पंचायत भवनों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लक्ष्य के साथ ही सभी शासकीय भवन, स्कूल और आंगनबाड़ी भवनों में सिस्टम लगाना तय किया गया। लेकिन, किसी ने निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया। अभी तक जिले भर में 50 फीसदी पंचायत भवनों पर ही वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लग पाए हैं। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो अधिकांश शासकीय भवनों, आंगनबाड़ी भवनों और नगर परिषदों में भी सिस्टम कागजों में ही लगे हैं, हकीकत में बारिश का पानी सहेजने की बजाय हर साल व्यर्थ बह रहा है।

## शिवना शुद्धिकरण : 29 करोड़ की योजना में खेल..?

### बिन बारिश ही सामने आने लगा घटिया निर्माण, विधायक ने की कलेक्टर को शिकायत

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** शिवना नदी शुद्धिकरण और गंदे नालो को का पानी बाहर करने की योजना के नाम पर 29 करोड़ की लागत से सीवरेज योजना का काम चल रहा है। निर्माण कार्य अभी जारी ही है और काम की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होने लगे हैं। चेंबरों को अभी सीवरेज लाइन से जोड़ा भी नहीं गया और चेंबर धंसने लगे हैं। विधायक विपीन जैन ने भी काम की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए है। इसकी शिकायत कलेक्टर को की गई है।



विधायक ने कलेक्टर से मिलकर घटिया निर्माण कार्य की समीक्षा करने की मांग की है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि लापरवाह ठेकेदार और अधिकारियो पर सख्त से सख्त कार्यवाही करे और योजना के सुचारू रूप से संचालन हेतु पक्ष, विपक्ष, सामाजिक, धार्मिक, प्रबुद्धजनो और अधिकारियो, कर्मचारियो की एक कमेटी गठित करे, ताकि योजना मूर्त रूप ले सके।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही योजना...

इस मामले में विधायक विपीन जैन ने कलेक्टर को लिखीत में शिकायत की। जिसमें कहा गया कि शिवना नदी पर 29 करोड़ की लागत से सिवरेज योजना का कार्य स्वीकृत होकर प्रगतिरत है। अभी योजना का कार्य पूर्ण भी नही हुआ है और सीवरेज चेंबर धंसने लगे है। जब कि अभी इन चेंबरो मे सिवरेज लाईन को जोडा भी नही गया है। निर्माण से पहले ही लापरवाही और भ्रष्टाचार की भेट चढ रहा है।

विधायक विपीन जैन ने कहा कि संबंधित अधिकारियो और ठेकेदार को निर्देशित करने के बाद भी इस और ध्यान नही दिया जा रहा है। शासन की राशि का दुरूपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि शिवना नदी मंदसौर की जनता की आस्था की प्रतीक है और लम्बे समय से जनता यह उम्मीद लिये है कि अब शिवना नदी पूर्ण रूप से शुद्ध होगी। परंतु ठेकेदारो और अधिकारियो की मिली भगत से मंदसौर की जनता की उम्मीदे पूरी होती दिखाई नही दे रही है।

### जब शिवना अपने वेग पर आएगी तब क्या...

अभी तो शिवना में पानी ही नहीं आया है। जब पूर्ण बारिश के दौर में शिवना अपने पूरे वेग से बहेगी, तब यह चेंबर या बिछाई गई पाईप लाईन का क्या हश्र होगा? यह अभी समय के गर्भ में है। लेकिन, पाईप लाईन और चेंबर दोनो की स्थिति घटिया निर्माण और परिपूर्ण योजना के अभाव में करोड़ो रूपए एक बार पुनः पानी में बहने की आशंका बलवती होती दिखाई दे रही है।

## प्लाट विवाद में पीटा, तीन पर मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्लाट विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया। देवरी निवासी समरथ गायरी ने पिपलिया चौकी पर शिकायत दर्ज कराई कि प्लाट के विवाद को लेकर तहसील न्यायालय में केस दर्ज रहा है। इस बीच श्यामलाल पिता राजाराम मोगिया, मानसिंह पिता मांगीलाल मोगिया, राजाराम पिता मांगीलाल मोगिया तीनों आए और प्लाट पर जाली लगाकर इंगल लगाने लगे, मैंने व मेरे बड़े पापा रामेश्वर ने मना किया तो तीनों ने गाली-गलौज कर लठ्ठ से मारा, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## जमीन विवाद में मारपीट, 6 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** जमीन विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों पर केस दर्ज किया। कोटड़ी माण्डा निवासी मांगीलाल बागरी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि कृषि भूमि पर न्यायालय के आदेश के बाद खेत हांक रहा था। इसी दौरान भारतलाल पिता मोहनलाल बागरी, प्रकाश पिता मोहनलाल बागरी, बबलू पिता भरतलाल, नरसिह पिता रामेश्वर, कचनारा निवासी जीवन पिता भेरुलाल व माया पति जीवन ने एकमत होकर गाली-गलौज की व मारपीट कर लकड़ी से मारा, जिससे पैर पर चोंट आई। पुलिस ने सभी आरोपियों पर केस दर्ज किया।

### खेत बोने को लेकर मारपीट, मां, बहिन व भाई पर मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** खेत बोने के विवाद में मारपीट के मामले में मां, बहिन व भाई पर केस दर्ज हुआ। कचनारा निवासी जुझारलाल पिता कन्हैयालाल डांगी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे भाई राकेश ने मुझे बोला कि तूझे खेत नही बोने दूंगा और पत्थर से हमला किया। बीच-बचाव करने मेरी पत्नी पप्पूबाई भी आई तो मेरी मां भंवरीबाई व बहिन कविता ने मिलकर मेरी पत्नी को भी पीटा, जिससे चोंटे आई।

## जानलेवा हमले में फरार महिला सहित 2 को भेजा जैल

**पिपलियामंडी, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** जानलेवा हमले के मामले में फरार महिला सहित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार 12 जनवरी 2025 को रंजिश के चलते फाटक मोहल्ला निवासी अवतारसिंह कौर, पत्नी मीरा व पुत्र हर्षदीप के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला करने के मामले में फाटक मोहल्ला निवासी राजूबाई पति सुरेश नायक व जवासिया (नीमच) कमल चौहान फरार थे। एसआई नीतिन कुमावत ने बताया पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर नारायणगढ़ कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेजने के आदेश हुए। उल्लेखनीय है कि मामले में नाबालिग सहित दो की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है।



# जय रामजी की प्रयास सेवा समिति द्वारा किया विद्यार्थियों का सम्मान

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर की अग्रणी सामाजिक एवं धार्मिक संस्था जय रामजी की प्रयास सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार मनाए जाने वाले सीए डे एवं डॉक्टर डे की पूर्व संध्या पर समाज के सभी सम्मानित डॉक्टर एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान पुष्पमाला पहनाकर एवं केक काटकर किया गया। साथ ही हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी इस गरिमामय आयोजन में पधारे गणमान्य अतिथि गण एवं डॉक्टर एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड भेंटकर किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में समिती अध्यक्ष प्रकाश लालवानी ने अध्यक्षीय स्वागत उद्बोधन दिया व समिति के सामाजिक धार्मिक कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विपिन जैन ने कहा कि मैं प्रथम बार प्रयास सेवा समिति के इस कार्यक्रम में आया हूं आकर मुझे काफी अच्छा लगा की समिति के युवाओं द्वारा अपने व्यस्त जिंदगी में से समय निकालकर प्रेरणादाई सामाजिक कार्य किया जा रहे हैं जो कि निश्चित रूप से सभी के लिए प्रेरणादायक है। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ समाजसेवी काका दृष्टानंद नैनवानी ने कहा समिति के द्वारा निरंतर समाज हित के कार्य किए जा रहे हैं, जिसके लिए पूरी समिति बधाई की पात्र है। विशेष अतिथि शहर थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में उत्साहवर्धन होता है, जिनके अच्छे अंक आए हैं वो आगे और बेहतर पढाई करे और जिनके कम अंक आए वो भी निराश ना हो और आगे और मेहनत कर के अच्छे परिणाम लाए। इस अवसर कार्यक्रम के सहयोगी मेघनानी परिवार से लक्ष्मण मेघनानी, भगवानदास मेघनानी ने भी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विशेष अतिथि जिला योजना अधिकारी दिलीप मुजावदिया, उद्यानिकी महाविद्यालय के प्रोफेसर रोशन गिलानी, भारतीय जनता पार्टी पार्षद भावना पमनानी, पूज्य सिंधी जनरल पंचायत कोषाध्यक्ष प्रीतम खेमानी ने भी अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी, संचालन समिति के सदस्य विजय कोठारी ने किया, आभार समिति के महासचिव चंद्रप्रकाश आडवाणी ने माना। कार्यक्रम में समिति सदस्य विजय कोठारी, दुर्गेश बेलानी, दिलीप साधवानी, डॉ. गिरीश शर्मा, दिनेश चंदवानी, प्रदीप चंदवानी, प्रकाश लालवानी, चन्द्रप्रकाश आडवानी, शिव कुमार चंदानी, रूपेश चांदवानी, प्रदीप तेजवानी, जीतेन्द्र हरवानी, ललित हर्वानी, हेमंत पमनानी, रोहित लालवानी, मुकेश चंदवानी, प्रकाश बेलानी (स्लिक किचन), प्रकाश तिरथदास बेलानी, शंकर बेलानी, हीरालाल मनवानी, नरेन्द्र (पप्पू भाई)दासानी, समिती महिला सदस्य हर्षा साधवानी, निशा चंदवानी, भावना चंदवानी, लविना शर्मा समाज के वरिष्ठ डेस न्यूज संचालक नंदूभाई आडवाणी, गिरधारी पुरुस्वानी, पप्पन ज्ञानी, कैलाश मनवानी, भगवानदास लालवानी, पुरुषोत्तम खेमानी, गोपाल पारवानी आदि बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# गायत्री परिवार द्वारा मुक्तिधाम परिसर पर सफाई अभियान व पौधारोपण अभियान चलाया

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** गायत्री परिवार द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदानियों ने अपना अमूल्य समय निकालकर मुक्तिधाम परिसर में पेड़ों की सफाई व गंदगी को निकाला जहां पेड़ परिसर में लगे हुए है जहां पेड़ लगा रखे है वहां पोलेथिन व पुराने कपड़े इकट्ठे किये। पेड़ पौधे के अंदर क्यारी को साफ सफाई की और परिसर में झाड़ू लगाई। श्रमदानी ने कहा है कि महिने में वहां पर एक बार सफाई अभियान चलाया जायेगा। सभी समाज के व्यक्ति आते है है। सार्वजनिक स्थान की सफाई अभियान चलाकर जैसे गर्मी में स्टेशन पर बहुत संस्था पानी मिलाने का कार्य करती है। ऐसा ही गायत्री परिवार के श्रमदानी अपना समय निकालकर इस स्वच्छता, जल, पर्यावरण अभियान को चलाते है। मंदिर, मस्जिद पार्क तालाब पर हर व्यक्ति जाता हैं, उसकी सुंदरता रखना हमारा सभी का कर्तव्य बनता है।



साफ सफाई रखे और गंदा करने वाले को रोके, तभी स्वच्छता अभियान सफल होगा ऐसे सार्वजनिक स्थान पर गंदगी न करे और न करने दे।

समाजसेवी दिनेश खत्री ने पेड़ लगाने का कार्य किया और गायत्री परिवार को पेड़ लगाने में पौधे देने का सहयोग प्रदान किया। पौधे लगाने में अपना समय और सहयोग देता रहूंगा। यह कार्य गायत्री परिवार ने अच्छा कार्य की शुरूआत की है। इस कार्य को चालू रखने के लिये अपना समय और सहयोग देता रहूंगा। वर्क संस्था के इमरान गोरी ने भी कुवैत से आये हुए है उन्होंने भी अपना समय देकर अभियान में सहयोग प्रदान किया और कहा कि इस नेक कार्य को सभी को मिलजुल कर करना चाहिये। समाज में ऐसे व्यक्ति है जो निस्वार्थ होकर कार्य करते है ऐसी मुक्तिधाम पर महिला निर्मला कलोसिया जो 20 वर्ष से अपनी सेवा दे रही है। वहां पर जानकारी दी और उन्होंने बताया वहां पर अर्थी रखी जाती है उसी के नीचे लकड़ी लगाने का कार्य करती है। मेरा लड़का कोरोना काल में चला गया तब भी सेवा कार्य नहीं बंद होने दिया। ऐस व्यक्ति आदर्श के पात्र है। वर्क संस्था के फिरोज हुसैन ने भी मुक्तिधाम पर जाकर सफाई अभियान और पेड़ लगाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन व ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सा. भी हमारे आदर्श है। भारत की राजनीति में कार्य किया और भारत का नाम रोशन किया। ऐसे आदर्श होने चाहिये। श्रमदान में भाग लेने वाले में राजेश पोरवाल, राधेश्याम, योगेशसिंह सोम, दिनेश खत्री, रमेश सोनी, आलम के भाई मोहन, फिरोज हुसैन, निर्मला ने भी श्रमदान में भाग लिया।

# सुख शान्ति की ओर कदम कार्यक्रम को भारी सफलता

## विघ्न विनाशक राजयोग तपस्या में 1000 से अधिक ब्रह्मावत्स सम्मिलित हुए

**नीमच, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** संयुक्त परिवार का विघटन रोकने के एक दूसरे के विचारों को सम्मान दें, कम से कम सांध्यकालीन भोजन तो एक साथ बैठकर ही करना चाहिए, इससे घर का माहौल सदैव हल्का रहता है। परिवार के बच्चों को आध्यात्मिक पुस्तकों का गिफ्ट देकर तथा कोई प्रतियोगिता कर प्रोत्साहन पुरूस्कार देते रहना चाहिए उपरोक्त विचार सुप्रसिद्ध प्रेरक वक्ता, दिव्य प्रभा राजयोगिनी बी.के.गीता बहनजी ने सुख शांति की ओर कदम.. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। खचाखच भरे सद्भावना सभागार में उपस्थित जिले के प्रमुख उच्चाधिकारी, राजनेता एवं प्रतिष्ठित जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बी.के.गीता बहन ने इन सभी के सम्मुख संकल्प की शक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि हर संकल्प में एक क्रिएटिव एनर्जी होती है जिसे हमें सकारात्मक रूप से प्रयोग में लाना है। जो हम अपने सोच में निरन्तरता लाते हैं वही हमारा स्वरूप बन जाता है, इसलिए हमेशा व्यर्थ और नकारात्मक संकल्पों से बचकर सकारात्मक और शक्तिशाली संकल्पों के लिए नियमित रूप से मेडिटेशन का अभ्यास अवश्य करें। यह आध्यात्मिक प्रयास मन को सही दिशा की और ले जाएगा।



कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वड प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता व संकल्प सिद्ध योगी राजयोगी बी.के.सूर्य भाई जी के साथ ही बी.के.गीता बहन, बी.के. सविता बहन, फैमिली कोर्ट के विशेष न्यायाधीश श्री कुलदीप जैन, मुख्य न्यायीक दण्डाधिकारी श्री रवि कुमार बोरासी, विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वन्दना खण्डेलवाल, ज्ञानोदय विश्व विद्यालय की कुलाधिपति डॉ. माधुरी चौरसिया, डिप्टी कमाण्डेंय तरंग बंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष चौपड़ा तथा डॉ. अशोक जैन आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ञावलित कर किया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता विश्व प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता बी.के.सूर्य भाई जी ने अपने अति उपयोगी मननशील उद्बोधन में बताया कि हमारे छोटे छोटे संकल्प हमारे जीवन पर बड़ा बड़ा प्रभाव डालते हैं। सुबह उठने से लेकर रात्रि को सोने तक हमारी कार्यशैली, हमारे संकल्पों से संचालित होती है किन्तु मन और उसकी संकल्प शक्ति का यथार्थ ज्ञान न होने के कारण हम मन व बुद्धि को निरंकुश छोड़ देते हैं, परिणाम स्वरूप बेलगाम घोड़े के मुआफिक मन उछल कूद करता है जिससे हमारी आध्यात्मिक शक्तियों का ह्रास होता है। जबकि यही शक्ति संकल्पों की रचनात्मक उर्जा शक्ति से हमें उचाईयों की और ले जा सकती है। आपने अनेक उदाहरणों के साथ बताया कि कैसे कैसे संकल्प की किएटिव एनर्जी का सदुपयोग या दुरूपयोग करके या तो हम अपने जीवन का उत्थान अथवा पतन कर लेते हैं। उपरोक्त कार्यक्रम देर रात्रि तक चला जिसका संचालन बी.के.श्रुति बहन ने किया तथा स्वागत भाषण सविता दीदी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके पूर्व दोपहर में नगर के दशहरा मैदान स्थित टॉउन हॉल में नीमच, मनासा, रामपुरा, जावद, जीरन, मल्हारगढ़, पिपलिया मण्डी एवं नारायरगढ़ आदि स्थानों के 1000 से अधिक नियमित राजयोगी ब्रह्मावत्सों ने 5 घण्टे से अधिक की अखण्ड मौन तपस्या की तथा राजयोगी बी.के.सूर्य भाई जी तथा दिव्य प्रभा ब्रह्माकुमारी गीता बहन जी ने सभी राजयोगी भाई-बहनों को आध्यात्मिक उन्न.ति के अनेक सरल टिप्स दिये व राजयोग का अभ्यास भी करवाया। इसके पश्चात सभी के लिए ब्रह्माभोजन प्रसादी का आयोजन भी किया गया।

# वरिष्ठ पत्रकार महावीर प्रकाश अग्रवाल ने मास्टर आफ जर्नलिज्म की उपाधि प्राप्त की

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** वरिष्ठ पत्रकार श्री महावीर प्रकाश अग्रवाल ने पत्रकारिता में स्नातकोत्तर (मास्टर आफ जर्नलिज्म ) की परीक्षा उतीर्ण कर मंदसौर जिले की पत्रकारिता के गौरव को बढ़ाया।

आपने महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा महाराष्ट्र से पत्रकारिता की पढ़ाई कर यह डिग्री प्राप्त की है। पत्रकारिता के क्षेत्र में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर उतीर्ण होने वाले आप मंदसौर जिले के प्रथम पत्रकार हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र में महावीर प्रकाश अग्रवाल के अनुभव का लाभ आने वाली पीढ़ी को मिलेगा। इसके पूर्व आपने मंदसौर विश्व विद्यालय से पत्रकारिता में बैचलर ऑफ जर्नलिज्म डिग्री प्रथम श्रेणी में प्राप्त की। आपने पांच वर्षों तक मंदसौर विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विषय पर बचो को पढ़ाया भी है। भगवान श्री पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में



वरिष्ठ पत्रकार महावीर प्रकाश अग्रवाल ने पत्रकारिता के क्षेत्र में कई कीर्तिमान रचे है। आपको प्रदेश स्तरीय माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता पुरुस्कार 1988 में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अर्जुन सिंह के हाथों मिलने वाला सम्मान हिंदी साहित्य के मनीषी एवं देशबंधु के संपादक मायाराम सुरजन ने होशंगाबाद जिले के माखन नगर में प्रदान किया।

पत्रकारिता के क्षेत्र में महावीर प्रकाश अग्रवाल का नाम पूरे देशभर में जाना पहचाना जाता है आपने अनेक राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर की पत्र पत्रिकाओं में लेखन का कार्य किया है। आप पीटीआई , भाषा न्यूज एजेंसी के 45 वर्षों से जिला ब्यूरो चीफ है। साथ ही इतने वर्षों से अधिमान्य पत्रकार हैं। तीन बार संभागीय अधिमान्यता समिति के सदस्य भी रह चुके है। नई दुनिया, नवभारत, क्रॉनिकल, नव ज्योति अजमेर , दैनिक ध्वज के साथ साथ अनेक समाचार पत्रों में आपने कार्य किया। साथ ही दैनिक शांति संदेश का प्रकाशन भी आपके द्वारा किया गया। महावीर प्रकाश अग्रवाल को इस उपलब्धि पर वरिष्ठ पत्रकार का अभिभाषक संघ (बार)मंदसौर में वरिष्ठ अधिवक्ता कांतिलाल राठौर,निर्मल कुमार जोशी,मदनलाल शर्मा, राजकुमार सिंह देवड़ा, जय देवसिंह चौहान, सुनील रायजादा,उमेश परमार ,ओम ट्रेलर,राम राठौर,श्रेयांश नाहर, सहित विभिन्न अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर और मुंह मीठा कराकर इस उपलब्धि पर बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।

# स्कूलों में नि:शुल्क साइकिल वितरण के संबंध में दिशा-निर्देश

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** स्कूल शिक्षा विभाग ने शासकीय स्कूलों में नि:शुल्क साइकिल वितरण के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। दिशा-निर्देश में बताया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले विद्यार्थी, जो कि शासकीय विद्यालय में कक्षा 6वीं और 9वीं में अध्ययनरत हैं तथा वे जिस ग्राम के निवासी हैं उस ग्राम में शासकीय माध्यमिक विद्यालय-हाई स्कूल संचालित नहीं हैं वे अध्ययन के लिये किसी अन्य ग्राम या शहर के शासकीय स्कूल में जाते हैं उन छात्रों को इस योजना का लाभ कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रथम प्रवेश पर एक ही बार मिलेगा। इन कक्षाओं में पुन: प्रवेश लेने पर साइकिल की पात्रता नहीं होगी। ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे विद्यार्थी जो शासकीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में अध्ययनरत हैं उस गांव से उनके निवास की दूरी 2 किलोमीटर की दूरी से अधिक हो उन्हें ही साइकिल की पात्रता होगी। ग्रामीण क्षेत्र में कन्या छात्रावास में अध्ययनरत छात्राएं जिनके माध्यमिक शाला और हाई स्कूल छात्रावास से स्कूल की दूरी 2 किलोमीटर अधिक दूरी पर है यह साइकिलें छात्रावास को आवंटित की जायेंगी और छात्रावास में रहने वाली बालिकाएं इनका प्रयोग कर सकेंगी। छात्रावास छोड़ते समय साइकिलें छात्रावास में जमा कराना होंगी।

योजना में कक्षा 6वीं के विद्यार्थियों को 18 इंच और कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों को 20 इंच की साइकिलें प्रदाय की जायेंगी। नि:शुल्क साइकिल वितरण की विस्तृत जानकारी 3.0 पोर्टल पर प्रदर्शित की गई हैं। नि:शुल्क साइकिल वितरण के संबंध में कक्षा 6वीं की साइकिल के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी आर.के. पांडे और कक्षा 9वीं के लिये योजना अधिकारी श्री अशोक बड़गे को नोडल अधिकारी बनाया गया है। दिशा-निर्देश प्रदेश के समस्त कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा केन्द्र समन्वयक को जारी किये गये हैं।



# नपाध्यक्ष ने कालाभाटा बांध का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कल रविवार को कालाभाटा बांध का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, जलकार्य सभापति निलेश जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता, पार्षद सुनीता भावसार, गोवर्धन कुमावत सहित नपा की जलकार्य शाखा के कर्मचारीगण भी साथ थे। मंदसौर नगर एवं आसपास क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा के कारण शिवना नदी के ऊपरी छोर पर पर्याप्त वर्षा होने के कारण कंथार डेम लबालब भर गया है तथा वहां से पानी कालाभाटा बांध की ओर आ रहा है। जिसके कारण कालाभाटा बांध भी भरने लगा है। कालाभाटा बांध में तेजी से पानी की आवक बढ़ रही है। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने पानी की आवक को देखने के लिये ही निरीक्षण किया और यहां मौके पर उपस्थित कर्मचारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

# नपाध्यक्ष ने मन की बात कार्यक्रम को सुना

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने रविवार को जनकूपुरा स्थित पं. अरूण शर्मा व श्रीमती संध्या शर्मा के निवास स्थान पर पहुंचकर यहां मन की बात कार्यक्रम को देखा और सुना। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 123वें एपिसोड को वार्ड नं. 19 में पहुंचकर श्रवण किया। इस दौरान शर्मा दम्पत्ति ने दुपट्टा ओढ़ाकर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर एवं साथ में पहुंची नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता, पार्षद सुनील बंसल, नेमिचंद खमेसरा आदि का भी स्वागत किया।

# आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार ने शिक्षकों का स्वागत किया

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** आर्ट ऑफ़ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर, बेंगलुरु में 22 दिवसीय गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर शिक्षक बने मंदसौर के श्री श्याम भावसार, श्री आशीष राठौर एवं श्री कमलेश कोठारी का आज आर्ट ऑफ लिविंग परिवार मंदसौर द्वारा महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर आत्मीय स्वागत किया गया।

इस विशेष अवसर पर डॉ. रमेश कनेसरिया, शैलेंद्र माथुर, सुरेंद्र संघवी, नरेंद्र धनोतिया, दिलीप परमार, सूर्यकांत शुक्ला, अंकित सोनी, अंबालाल चौहान, श्रीमती मीना कनेसरिया, श्रीमती मधु राठौर सहित आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के कई सदस्य उपस्थित रहे। नवप्रशिक्षित शिक्षकों ने बेंगलुरु स्थित आश्रम में परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के सानिध्य में जीवन जीने की कला, ध्यान, प्राणायाम, सेवा और ज्ञान की विधाओं में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण न केवल आत्मविकास का माध्यम है, बल्कि समाज के हर वर्ग तक शांति, सद्भाव और



सकारात्मकता पहुँचाने का भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। अब यह तीनों शिक्षक मंदसौर में आर्ट ऑफ लिविंग की सामाजिक सेवा, योग-प्राणायाम, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं युवाओं के चरित्र निर्माण जैसे क्षेत्रों में नवचेतना का संचार करेंगे। यह स्वागत समारोह न केवल एक गौरवपूर्ण क्षण था, बल्कि यह संदेश भी देता है कि जब व्यक्ति आत्मकल्याण के पथ पर चलता है, तो वह समाज के कल्याण का दीपक भी बन जाता है।

# राग और द्वेष का आवरण हटने पर ही आत्मा का दिव्य स्वरूप प्रकट होता है-रातड़िया

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि प्रत्येक आत्मा दिव्यता से परिपूर्ण है किन्तु जब राग द्वेष का आवरण रहता है तब तक दिव्य स्वरूप प्रकट नही होता है। सबके प्रति समान रूप से सद्भाव प्रेम है जबकि स्वार्थपूर्ण लगाव मोह कहलाता है। भरत चक्रवर्ती तक को हिरण के बच्चे के प्रति मोह के कारण हिरण रूप में जन्म लेना पडा। स्वयं व परिवार के प्रति कर्तव्य परायणता अध्यात्म की राह मे बाधक नही है। विवेकपूर्ण आचरण गृहस्थ जीवन को सार्थक करता है। यह अध्यात्म की राह मे अवरोध नही है। वरिष्ठ साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि सभी सुख चाहते है किन्तु सुख केवल भक्ति मे है। राम और काम एक साथ नही रह सकते है। जो प्रभु स्मरण मे लीन है वह जीवन सार्थक करता है। श्री राजकुमार जसवंत, श्री महेश कानूनगो ने विचार रखे। श्री सुरेश पण्ड्या ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। श्री दिनेश खत्री, श्री सुधीर कोठारी एवं श्री रमेश ब्रिजवानी ने गीत भजन प्रस्तुत किये। श्री कृष्णकुमार जोशी , पं. प्रकाश दीक्षित, श्री योगेन्द्र जोशी, श्री प्रकाश कल्याणी, श्री राजेन्द्र छाजेड, श्री शंकरलाल त्रिवेदी, श्री परमेश्वर बैरागी, श्री भेरूलाल पटेल, श्री शांतिलाल सोनी, श्री प्रहलाद मालवीय, श्री मनोज भटनागर ने सहभागिता की। संचालन श्री रमेश ब्रिजवानी व आभार प्रदर्शन श्री निरंजन भारद्वाज ने किया।

# विधायक परिहार ने खेत तालाब एवं कूप रिचार्ज के हितग्राहियों का किया सम्मान



**नीमच, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में खंडवा के मण्डी प्रांगण में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश व्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का प्रदेश सभी जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत मुख्यासलयों पर सीधा प्रसारण किया गया।

जनपद पंचायत नीमच स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह ग्राम पंचायत छायन में विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा मदनलाल धनगर, श्री अर्जुन सिह सिसोदिया, श्री अनिल शर्मा, सरपंच श्री अमृत लाल की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपने उदबोधन में विधायक श्री परिहार ने कहा, कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान, जल सहेजने, जल संरक्षण का जल आंदोलन बन गया है। प्रदेशके साथ ही नीमच जिले में भी बड़ी संख्या में खेत तालाब, अमृत सरोवर के निर्माण कार्य और डगवेल रिचार्ज के कार्य किए गए है। साथ ही तालाबों का जल सहयोग से गहरीकरण कर, मिट्टी निकालने का अभूतपूर्व कार्य भी नीमच जिले में हुआ है। इस अवसर पर विधायक श्री परिहार ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिवों और रोजगार सहायकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसमें प्रथम स्थान पर रही ग्राम पंचायत छायन के सरपंच, सचिव को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। विधायक ने खेत तालाब एवं कूप रिचार्ज के कार्य करने वाले हितग्राहियों को भी सम्मानित किया। जनपद सीईओ सुश्री मयूरी जोक ने अपने स्वागत उदबोधन में कार्यक्रम की रूपरेखा एवं जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन श्री राजू गरासिया, एवं आभार श्री रामप्रसाद लुहार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के श्री विरेन्द्र ठाकुर, उप सरपंच श्री सुरेन्द्र सिह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# जल संरक्षण में नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा मप्र-मारू

## भाटखेड़ी बुजुर्ग में जल गंगा संवर्धन का विकासखण्ड स्तरीय समापन समारोह सम्पन्न




**नीमच, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण में म.प्र.नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। गांव-गांव में जनसहभागिता से जल संरक्षण के अभूतपूर्व कार्य हुए है।

यह बात मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू ने सोमवार को मनासा क्षेत्र के ग्राम भाटखेड़ी बुजुर्ग में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के विकासखण्ड स्तरीय समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर त्रि-स्तरीय पंचायतों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, एसडीएम श्री पवन बारिया, जनपद सीईओ श्री अरविंद डामोर, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक श्री मारू ने क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उत्कृपष्ट कार्य करने वाली पंचायतों के सरपंच, सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज करने वाले हितग्राहियों को भी सम्मानित किया।

# मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 57 | 2050 | 2300 |
| उड़द | 8 | 2501 | 4500 |
| सोयाबीन | 7261 | 3401 | 4301 |
| गैहु | 9208 | 2100 | 2750 |
| चना | 485 | 5000 | 5510 |
| मसुर | 160 | 5250 | 6215 |
| धनिया | 172 | 5100 | 7200 |
| लहसुन | 14500 | 2800 | 9900 |
| मैथी | 964 | 3800 | 5700 |
| मुंगफली | 1316 | 3750 | 5200 |
| अलसी | 1567 | 6771 | 7190 |
| सरसो | 353 | 6176 | 6532 |
| तारामीरा | 0000 | 00000 | 00000 |
| इसबगोल | 64 | 8401 | 10853 |
| प्याज | 5460 | 300 | 1380 |
| कलोंजी | 43 | 6300 | 20501 |
| तुलसी बीज | 28 | 9300 | 14600 |
| डॉलर | 37 | 5501 | 7501 |
| तिल्ली | 235 | 6100 | 9280 |
| जौ | 000 | 00000 | 0000 |
| मटरसुखी | 18 | 2201 | 3656 |
| असालीया | 25 | 6250 | 6731 |
| चियाबीज | 48 | 9600 | 15331 |

